## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 26.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा– देश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- रांची में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहे मौजूद, विभिन्न विभागों के लिए चयनित 260 अभ्यर्थियों को दिये नियुक्ति पत्र।
- पहलगाम हमले के आतंकवादियों की तलाश तेज, झारखंड एटीएस ने धनबाद में कई जगहों पर की छापेमारी, एक महिला समेत चार को लिया गया हिरासत में, इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी जब्त।
- भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया पहलगाम आतंकी हमले पर राजनीति करने का आरोप, कांग्रेस ने कहा– संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है भाजपा।
- झारखंड की सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम का आस्ट्रेलिया दौरा शुरु, अब से थोड़ी देर बाद आस्ट्रेलिया ए से होगी भिडंत।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। श्री मोदी ने इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। इस मौके पर उन्होंने देश के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

*******************

प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला झारखंड की राजधानी रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। रांची स्थित सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के लिए चयनित 260 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों का लक्ष्य सिर्फ नौकरी करना नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना होनी चाहिए।

*******************

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना को लेकर झारखंड एटीएस की टीम ने आज धनबाद के वासेपुर, पांडरपाला, आज़ाद नगर, अमन सोसाइटी और भूली के ए ब्लाक में छापेमारी की। इस दौरान चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें एक महिला भी शामिल हैं। एटीएस ने इन ठिकानों से लैपटाप, स्मार्टफोन, डायरी और कई अन्य सामान भी जब्त किए हैं। मामला जिहादी विचारधारा फैलाने समेत अन्य देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने से जुड़ा है।

*******************

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के उस बयान पर प्रदेश भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिसमें उन्होंने कश्मीरियों पर हमले होने की बात कही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस राजनीति कर रही है।

*******************

इधर, प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले पर बयानबाजी करने के बजाय समुचित कार्रवाई करने की जरुरत है। श्री यादव ने भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने भी आरोप लगाया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिन के 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। इस बार की कड़ी में जमशेदपुर की संस्था नमन को सीधे जुड़ने का मौका मिलेगा। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

जामताड़ा जिले में चौकीदार नियुक्ति को लेकर कल 15 परीक्षा केन्द्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त कुमुद सहाय ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 88 हजार 700 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

- झारखंड कैडर के 2010 बैच के आईएएस अमित कुमार को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में झारखंड सरकार को पत्र भेजा है।
- पहलगाम में पर्यटकों पर आंतकवादियो द्वारा किये गए हमले के खिलाफ राजद के कार्यकर्ताओं ने पाकुड़ जिले में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद का पुतला भी फूंका।
- सरायकेला–खरसावां जिले में ओआरएस नहीं मिलने के स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी और सिविल सर्जन डॉ. अजय कुमार सिन्हा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया।
- जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारीकंचन सिंह ने आज आरसेटी केंद्र, रांची का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की गतिविधियों का जायजा लिया।
- राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जांच विशेषज्ञों और उर्दू भाषा के जानकार के रूप में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की भर्ती करने का फैसला किया है। इसको लेकर एजेंसी ने अधिसूचना जारी की है।

*******************

राज्य में आज मौसम में बदलाव की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार अगले तीन दिन राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

झारखंड की सलीमा टेटे की कप्तानी में भारतीय महिला हॉकी टीम का आस्ट्रेलिया दौरा शुरु हो गया है। अब से थोड़ी देर बाद भारत का मुकाबला आस्ट्रेलिया ए से होगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलेगी।

********समाप्त***********